बी ई एम एल

मीडिया रिलीस

**आईआरसीई-2018 में बीईएमएल ने अपने इंजीनियरिंग चमत्कार का प्रदर्शन किया**

बीईएमएल लिमिटेड, जो रक्षा मंत्रालय के अधीन एक सार्वजनिक कंपनी (उपक्रम) है तथा रेल उत्पादों के प्रमुख निर्माता है, 17 से 19 मई 2018 तक चेन्नई में आईसीएफ के आरपीएफ परेड ग्राउंड में सम्पन्न तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय रेलकोच एक्सपो-2018 में भाग ले रहा है, जो यात्री चलस्टॉक निर्माताओं और उप-प्रणाली आपूर्तिकर्ताओं को इकट्ठा करने की एक प्रदर्शनी है।

बीईएमएल राष्ट्र की पहली रेल कोच विनिर्माण कंपनी है। भारतीय रेलवे के लिए कंपनी द्वारा निर्मित रेल उत्पादों में रेलकोच के अलावा ओवरहेड निरीक्षण कार, पोस्टल वैन, एसी/डीसी इलेक्ट्रिक मल्टीपल यूनिट, स्टेनलेस स्टील ईएमयू, यूटिलिटी वाहन, ट्रैक लेइंग उपकरण, ब्रॉड गैज रेलबस, ट्रेजरी वैन, स्पोइल डिस्पोजल यूनिट शामिल हैं।

बीईएमएल भी सबसे प्रशंसित और अत्याधुनिक मेट्रो कार का विनिर्माण करनेवाला एकमात्र भारतीय पीएसयू है और वैश्विक खिलाड़ियों के साथ प्रतिस्पर्धी होते हुए मेट्रो कार्यक्षेत्र में लगभग 50% का बाजार हिस्सेदारी रखती है तथा बेंगलूर और जयपुर मेट्रो निगमों के लिए एकमात्र आपूर्तिकर्ता है। बीईएमएल द्वारा कोलकाता मेट्रो के लिए मेट्रो कारों, बेंगलूर मेट्रो के लिए इंटरमीडिएट कारों तथा भारतीय रेलवे के लिए ईएमयू की आपूर्ति भी की जाती है। इसके अलावा, बीईएमएल रक्षा और वांतरिक्ष तथा खनन और निर्माण खंडों के लिए भारी वाहन, उपकरण और घटकों की एक श्रृंखला को भी डिजाइन, विकसित और आपूर्ति करता है।

आईआरसीई-2018 में, बीईएमएल आईआरसीई-2018 के स्टाल नं.70 में रेल और मेट्रो व्यवसाय में अपनी तकनीकी शक्ति का प्रदर्शन कर रहा है।

चेन्नई                                         बीईएमएल लिमिटेड द्वारा रिलीस

17 मई 2018




आईआरसीई 2018 में बीईएमएल का स्टाल




आईआरसीई 2018 में ग्राहकों के साथ चर्चा करते हुए श्री एम.वी. राजशेखर,
मुख्य महाप्रबंधक (रेल & मेट्रो)